SUNDAY | 13.11.2022 | मार्गशीर्ष कृष्ण-पंचमी विक्रम संवत-2079

उत्तर प्रदेश

अमर उजाला

महानगर वर्ष 54 । अंक 297 । पृष्ठ : 22 । मूल्य : सात रुपये बरेली •6 राज्य • 2 केंद्रशासित प्रदेश • 22 संस्करण

Page No. 09 : Top

यूपी की टीम ने पहली पारी में बनाए 319 रन

कूच बिहार ट्रॉफी : प्रशांत वीर मात्र दो रन से शतक बनाने से चूके

नागालैंड की टीम का स्कोर पहले दिन का खेल खत्म होने तक चार विकेट पर 73 रन

संवाद न्यूज एजेंसी

बरेली। प्रशांत वीर के 98 और कप्तान आदर्श सिंह के 85 रन की शानदार पारी की बदौलत उत्तर प्रदेश की टीम ने कूच बिहार ट्रॉफी के टेस्ट मैच में पहली इनिंग में 319 बनाए। नागालैंड की टीम ने पहले दिन का खेल खत्म होने तक 26.5 ओवर में चार विकेट खोकर 73 रन बना लिए।

कूच बिहार ट्रॉफी में ग्रुप डी में उत्तर प्रदेश का दूसरा मैच नागालैंड की टीम से बरेली के एसआरएमएस क्रिकेट ग्रांउड पर हो रहा है। मुकाबले के पहले दिन दोनों ही टीमों की तरफ से शानदार प्रदर्शन देखने को मिला। टॉस नागालैंड की टीम ने जीता और उत्तर प्रदेश की टीम को बल्लेबाजी करने के लिए आमंत्रित किया। उत्तर प्रदेश टीम के कप्तान आदर्श सिंह ने एक छोर से टीम को संभाले रखा। 6वें विकेट के लिए प्रशांत वीर (98) और विराट जायसवाल (38) के बीच सर्वाधिक 86 रन की साझेदारी हुई। प्रशांत के एक गलत शॉट की बदौलत वह शतक बनाने से चूक गए। उनके आउट होने के बाद टीम मात्र 25 रन के अंदर सिमट गई। टीम ने पहली पारी में 319 रन बनाए।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी नागालैंड की टीम ने अच्छी शुरुआत की लेकिन 42 रन पर पहला विकेट गिरने के बाद टीम ने दो विकेट जल्दी खो दिए। पहले दिन का खेल खत्म होने तक नागालैंड ने चार विकेट पर 73 रन बना लिए। मुघवी सुमी चार रन बनाकर क्रीज पर जमे हैं। इससे पूर्व पहली बार बरेली में हो रहे बीसीसीआई के घरेलू क्रिकेट कूच बिहार ट्रॉफी के मुकाबले का उद्घाटन गुब्बारे छोड़कर किया गया। इस दौरान सांसद संतोष गंगवार, प्रदेश के पशुधन विकास मंत्री धर्मपाल, मेयर उमेश गौतम, मीरगंज विधायक डीसी वर्मा, कमिश्नर संयुक्ता समद्दार, बरेली जोन एडीजी राजकुमार, आईजी रमित शर्मा रहे। एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देवमूर्ति ने अतिथियों का स्वागत किया। सभी ने मैच के सफल आयोजन के लिए ट्रस्ट के सचिव आदित्य मूर्ति को बधाई दी। इस अवसर पर बरेली क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष सरफराज वली खां, सचिव सीताराम सक्सेना, आईएमए अध्यक्ष डॉ. विनोद पागरानी, इंजीनियर सुभाष मेहरा आदि उपस्थित रहे।

मस्टैलियंस रेड ने किया फाइनल में प्रवेश

बरेली। मस्टैलियंस क्रिकेट लीग में शनिवार को दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला खेला गया। इसमें मस्टैलियंस रेड की टीम ने अंबर स्पोर्टिंग की टीम को आठ विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। पहले खेलते हुए अंबर स्पोर्टिंग की टीम ने 19 ओवर में 71 रन बनाए। प्लेयर ऑफ द मैच राहुल कपूर ने चार ओवर में 14 रन देकर चार विकेट लिए। जवाब में मस्टैलियंस रेड के बल्लेबाजों ने 6.2 ओवर में ही आठ विकेट से मैच जीत लिया। आयोजन समिति के सदस्य मंजीत सिंह ने बताया कि फाइनल मुकाबला रविवार को मस्टैलियंस रेड और मस्टैलियंस ग्रीन के बीच दोपहर 12 बजे से खेला जाएगा। संवाद